ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 04 नवम्बर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 191


## छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में खड़ी मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेन: 5 की मौत, 15 घायल; अंदर फंसे हो सकते हैं यात्री, बोगी काटी जा रही

24 न्यूज अपडेट

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार को कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हुई। रेलवे ने 5 लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि 11 लोगों का इलाज रेलवे अस्पताल में चल रहा है। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। हादसा गटौरा स्टेशन के लाल खदान के पास हुआ है। रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। रेस्क्यू टीम ने ने अब तक कई यात्रियों को बचा लिया है। पैसेंजर ट्रेन की बोगी को गैस कटर से काटा जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसी बोगी में महिलाएं और बच्चे फंसे हुए हैं, जिन्हें निकाला जाएगा। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

रेलवे प्रशासन ने हादसे के तुरंत बाद मेडिकल यूनिट और डिविजनल अफसरों को मौके पर भेजा है। फिलहाल पूरे रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप कर दिया गया है। कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट किया गया है। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख और



घायलों को 5 लाख मुआवजे का ऐलान किया है।

### बिलासपुर में ट्रेनों की स्थिति स्टेशन मास्टर नहीं दे पा रहे जानकारी

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में यात्री ट्रेन की स्थिति जानने के लिए स्टेशन मास्टर से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन वह बताने की स्थिति में नहीं है। वंदे भारत एक्सप्रेस बिलासपुर 7 बजे पहुंचती है, लेकिन इसके अभी रायपुर से रवाना होने की भी सूचना नहीं मिल पाई है।

### रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर रोकी गई हीराकुंड एक्सप्रेस ट्रेन

विशाखापट्टनम से अमृतसर जाने वाली हीराकुंड एक्सप्रेस ट्रेन रायगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर खड़ी है, जबकि हावड़ा से मुंबई जाने वाली दुरंतो एक्सप्रेस भी रायगढ़ में रोक लिया गया है। इससे यात्री परेशान हैं।

बिलासपुर रेलवे ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

बिलासपुर रेलवे के सीनियर डीसी ने कहा कि जिसके भी परिजन अगर लापता हैं, तो वह हेल्पलाइन में कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जानकारी साझा करने की अपील की है।

बिलासपुर: 7777857335, 7869953330
चांपा: 8085956528, रायगढ़: 9752485600
पेंड्रा रोड: 8294730162, कोरबा: 7869953330

## SIR के खिलाफ कोलकाता में ममता का मार्च:कहा- जैसे हर उर्दू बोलने वाला पाकिस्तानी नहीं, वैसे ही हर बांग्लाभाषी बांग्लादेशी नहीं



24 न्यूज अपडेट

पश्चिम बंगाल में मंगलवार को CM ममता बनर्जी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी SIR (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8 KM लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे।

इस दौरान CM ममता ने कहा- SIR को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि 2026 विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में चुपचाप धांधली की जा सके। आगे कहा कि जैसे हर उर्दू बोलने वाला पाकिस्तानी नहीं, वैसे ही हर बांग्लाभाषी बांग्लादेशी नहीं होता।

इधर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता के मार्च को जमात की रैली बताया। उन्होंने कहा- यह भारतीय संविधान की नैतिकता के खिलाफ है। वहीं, बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा- ममता जी को अगर कुछ कहना है, तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए।

देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आज मंगलवार से SIR शुरू हो गया। इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव हैं। असम में भी अगले साल चुनाव हैं, लेकिन अभी वहां SIR का शेड्यूल तय नहीं है।

## ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामला, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा:ई-स्पोर्ट्स गेम्स के नाम पर ऑनलाइन जुआ चलाने वालों पर एक्शन लेने को कहा

24 न्यूज अपडेट

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल जवाब की कॉपी याचिकाकर्ताओं के वकीलों को पहले से दे दें। ताकि वे भी जल्द से जल्द अपना जवाब दाखिल करें।

बेंच ने एक शतरंज खिलाड़ी की याचिका पर भी सुनवाई की। इसपर सरकार को निर्देश दिया



कि ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में ऑनलाइन जुआ-सट्टेबाजी चलाने वाले प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करें। मामले में सभी याचिकाकर्ताओं की मांग है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म को बैन किया जाए।

प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अब यह कानून बन गया है।

## शादी पुरुष को पत्नी पर कंट्रोल का अधिकार नहीं देती:80 साल का पति, पत्नी से क्रूरता का दोषी



24 न्यूज अपडेट

मद्रास हाईकोर्ट ने कहा है कि भारतीय विवाह प्रणाली को पुरुष वर्चस्ववाद की छाया से निकलकर समानता और आपसी सम्मान के साथ बढ़ना चाहिए। क्योंकि शादी पुरुषों को पत्नी पर निर्विवाद अधिकार नहीं देती। पतियों को महिला के धैर्य को सहमति नहीं समझना चाहिए। जस्टिस एल विक्टोरिया गौरी की बेंच 1965 में विवाहित एक बुजुर्ग दंपती के बीच वैवाहिक विवाद से जुड़े मामले में सुनवाई कर रही थी। याचिका एक महिला ने लगाई थी, जिसके पति को IPC आईपीसी की धारा 498ए के तहत पत्नी के प्रति क्रूरता का दोषी ठहराया गया था। कोर्ट ने 31 अक्टूबर को सुनवाई के बाद 80 साल के शख्स को बरी किए जाने का निचली अदालत का फैसला रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि खराब शादीशुदा जीवन में महिलाओं की बेमतलब की सहनशीलता ने पुरुषों की पीढ़ियों को उन पर कंट्रोल करने और उन्हें अपने अधीन रखने का साहस दिया है।

## हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन गोपीचंद पी. हिंदुजा का लंदन में निधन, 85 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस



24 न्यूज अपडेट

लंदन / मुंबई, 4 नवम्बर 2025। हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन और ब्रिटेन के सबसे अमीर उद्योगपतियों में शुमार गोपीचंद पी. हिंदुजा का सोमवार को लंदन में निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे और पिछले कई हफ्तों से अस्वस्थ चल रहे थे। गोपीचंद, जिन्हें व्यावसायिक जगत में जीपी हिंदुजा के नाम से जाना जाता था, ने 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद हिंदुजा के निधन के बाद ग्रुप की बागडोर संभाली थी। 1940 में सिंध (अब पाकिस्तान) के एक सिंधी व्यापारी परिवार में जन्मे गोपीचंद हिंदुजा का बचपन मुंबई में बीता। उन्होंने जय हिंद कॉलेज से 1959 में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और आगे चलकर वेस्टमिंस्टर यूनिवर्सिटी से ऑनरेरी डॉक्टरेट ऑफ लॉ तथा रिचमंड कॉलेज, लंदन से ऑनरेरी डॉक्टरेट ऑफ इकोनॉमिक्स की उपाधि से सम्मानित हुए। 1959 में पारिवारिक व्यवसाय से जुड़ने के बाद उन्होंने हिंदुजा ग्रुप को एक इंडो-मिडिल ईस्ट ट्रेडिंग कंपनी से बदलकर बैंकिंग, फाइनेंस, एनर्जी, ऑटोमोटिव और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में फैले एक ग्लोबल इंडस्ट्रियल पावरहाउस में परिवर्तित किया। उनकी नेतृत्व में ग्रुप ने 1984 में गल्फ ऑयल और 1987 में अशोक लेलैंड का अधिग्रहण किया।

हिंदुजा परिवार का व्यवसाय आज 38 देशों में प्रत्यक्ष उपस्थिति रखता है और इसकी गतिविधियां 100 से अधिक देशों में फैली हैं। करीब दो लाख लोग हिंदुजा ग्रुप से जुड़े हैं। प्रमुख कंपनियों में अशोक लेलैंड, गल्फ ऑयल, इंडसइंड बैंक, हिंदुजा टीएमटी और इंडसइंड मीडिया एंड कम्युनिकेशंस शामिल हैं। ग्रुप का रियल एस्टेट पोर्टफोलियो भी प्रभावशाली है — लंदन की ऐतिहासिक ओल्ड वॉर ऑफिस बिल्डिंग को उन्होंने लक्ज़री रैफल्स लंदन होटल में तब्दील किया। इसके अलावा बकिंघम पैलेस के निकट स्थित कार्लटन हाउस टेरेस में 25-बेडरूम वाला उनका आलीशान आवास ब्रिटिश प्रेस्टीज का प्रतीक है। गोपीचंद हिंदुजा अपने पीछे परिवार में पत्नी, दो बेटे संजय और धीरज, एक बेटी रीता, तथा भाइयों प्रकाश (मोनाको) और अशोक (मुंबई) को छोड़ गए हैं।

## एयर-टिकट बुकिंग से 48 घंटे के भीतर फ्री कैंसिलेशन मिलेगा: DGCA जल्द ला सकता है हवाई यात्रा के नए नियम




24 न्यूज अपडेट

अब एयर पैसेंजर्स को टिकट बुक करने के 48 घंटे के अंदर बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के कैंसिल या चेंज करने का मौका मिल सकता है। डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने इन नियमों को लाने के लिए एक ड्राफ्ट जारी किया है।

DGCA ने लोगों से इसके लिए 30 नवंबर तक सुझाव मांगे हैं। अगर सब ठीक रहा तो जल्द ही नियम बनेगा, लेकिन ये कब से लागू होंगे, ये अभी तय नहीं हुआ है।

बुकिंग के बाद 48 घंटे का 'लुक-इन' पीरियड मिलेगा। यानी सोचो-समझो, पसंद न आए तो टिकट कैंसिल कर दों। नाम में कोई एरर हो तो 24 घंटे के अंदर फ्री में सुधार करा सकते हैं। मेडिकल इमरजेंसी में भी एयरलाइन रिफंड दे सकती है।

पैसेंजर ने टिकट एयरलाइंस की वेबसाइट से डायरेक्ट बुक की हो या ट्रैवल एजेंट या किसी पोर्टल से, रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइन की होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि एजेंट उनका ही एक्सटेंशन है। रिफंड 21 वर्किंग दिनों में देना होगा।

अगर टिकिट में अमेंडमेंट कर रहे हैं, तो सिर्फ नए फ्लाइट का फेयर डिफरेंस लगेगा। लेकिन ये सुविधा तभी मिलेगी, जब फ्लाइट की डिपार्चर डेट बुकिंग से कम से कम 5 दिन (डोमेस्टिक) या 15 दिन (इंटरनेशनल) दूर हो।

## चांदी 3,150 गिरकर 1.46 लाख किलो पर आई:सोना 358 कम होकर 1.20 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 4 नवंबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोना 358 रुपए गिरकर 1,20,419 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 1,20,777 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, चांदी 3,150 रुपए कम होकर 1,46,150 रुपए प्रति किलोग्राम आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,49,300 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## सेंसेक्स 519 अंक गिरकर 83,459 पर बंद:निफ्टी भी 165 अंक फिसलकर 25,597 पर पहुंचा; ऑटो-IT शेयर में बिकवाली




24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 4 नवंबर को गिरावट रही। सेंसेक्स 519 अंक गिरकर 83,459 पर बंद हुआ है। वहीं निफ्टी में भी करीब 165 अंक की गिरावट रही। ये 25,597 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 में तेजी रही। बैंकिंग, ऑटो और IT शेयर में ज्यादा गिरावट देखने को मिली। वहीं कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर में खरीदारी रही। इसके अलावा आज से ब्रोकरेज ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म ग्रो का IPO ओपन हुआ है।

## संपादकीय : बेलगाम हादसे

सरकार के तमाम प्रयासों और दावों के बावजूद देश भर में सड़क हादसों की रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। चाहे वाहन में सवार लोग हों या फिर पैदल यात्री, सड़क पर चलना किसी के लिए भी खतरे से खाली नहीं रह गया है। दुर्घटनाओं के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करना, लापरवाही या तेज गति से वाहन चलाना और सड़क निर्माण एवं देखरेख में खामियों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। मगर सवाल है कि इन व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने का दायित्व किसका है? गौरतलब है कि तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह बजरी से लदे एक ट्रक और बस के बीच भीषण टक्कर हो गई। इससे पहले, रविवार को राजस्थान के फलोदी में दो वाहनों के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में बस और जीप आपस में टकरा गए। सोमवार को जयपुर के हरमाड़ा में एक तेज रफ्तार ट्रक ने कई वाहनों को टक्कर मारी दी। इन हादसों में पचास से अधिक लोगों की जान चली गई। सरकार और प्रशासन की ओर से अक्सर यह दावा किया जाता है कि सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, जिनमें यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना, दुर्घटना संभावित स्थलों को चिह्नित करना, सड़क निर्माण की गुणवत्ता और देखभाल की निगरानी करना शामिल हैं। मगर, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की हाल की एक रपट कुछ और ही सच्चाई बयां करती है। इसके मुताबिक, वर्ष 2023 में 1.72 लाख लोगों की जान सड़क हादसों में गई है और यह आंकड़ा वर्ष 2022 के मुकाबले 2.6 फीसद अधिक है। इनमें से 68 फीसद से ज्यादा मौतें तेज गति से वाहन चलाने के कारण हुई हैं । साफ है कि सरकार की ओर से सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जो सुधारात्मक योजनाएं और उपाय किए जाते हैं, वे प्रभावी तरीके से लागू नहीं हो पा रहे हैं। आखिर इन योजनाओं को सरकारी कागजों से बाहर निकालकर सही मायने में जमीन पर उतारने में गंभीरता क्यों नजर नहीं आती है? जयपुर के हरमाड़ा में जो सड़क हादसा हुआ, उसका मंजर तो किसी फिल्म के डरावने दृश्य की तरह था। एक ट्रक ने पहले कार को टक्कर मारी और फिर वह तेज रफ्तार से कई वाहनों को रौंदता हुआ आगे निकल गया। इस घटना की प्रारंभिक जांच में लापरवाही से वाहन चलाने की बात सामने आई है। सवाल है कि अगर सड़कों पर इस तरह की भयानक घटनाएं होती हैं, तो वाहनों में सवार और पैदल यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? सड़कों पर जगह-जगह गति मापक यंत्र लगाए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन क्या यह व्यवस्था ठीक से काम कर पा रही है। अगर नियमों का उल्लंघन करने पर उचित कार्रवाई की जाती है, तो फिर तेज गति से वाहन चलाने वालों के हौसले बेलगाम क्यों हैं ? जाहिर है, व्यवस्था में कहीं न कहीं लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खमियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि वाहनों की रफ्तार से लेकर सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता तक की निगरानी के लिए एक सशक्त तंत्र बनाया जाना चाहिए। साथ ही गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाले प्राधिकारियों की जवाबदेही तय करने की भी सख्त जरूरत है, तभी सड़कें आम लोगों के लिए सुरक्षित बन पाएंगी।

## यादगार जीत

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के फलक पर हौसला और कोशिश के स्तर पर भारत की महिला क्रिकेट टीम ने हर बार बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश की और कई बार अपनी क्षमता को साबित भी किया, लेकिन रविवार को इस टीम के बते भारतीय क्रिकेट में एक शानदार और यादगार कामयाबी दर्ज हुई। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए महिला विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम का जैसा प्रदर्शन रहा, उसे बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी के सभी स्तर पर खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन संतुलन और तालमेल का परिणाम कहा जा सकता है इस मैच में टास दक्षिण अफ्रीका की टीम ने जीता, लेकिन उसके बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआती हिचक के बाद जिस रफ्तार और लय के साथ दो सौ निन्यानबे रन का लक्ष्य सामने रख दिया, उसे हासिल करना प्रतिद्वंडी टीम के लिए एक चुनौती बन गई। आखिरकार दक्षिण अफ्रीका की टीम छियालीसवें ओवर में दो सौ छियालीस रन बना सकी। कप्तान लारा ने एक सौ एक रन की पारी खेली और अपनी टीम को लड़ाई में बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में भी जैसी रणनीति अपनाई, उसमें वे दक्षिण अफ्रीका को खिताबी मैच में हार से नहीं बच सकीं। भारतीय क्रिकेट की मुख्यधारा में भले ही पुरुष टीम को ज्यादा सुर्खियां मिलती रही हैं, मगर इसके समांतर महिलाओं की क्रिकेट टीम ने भी अपनी निरंतरता बनाए रखी है और समय-समय पर इसे साबित भी किया है। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि इस बार के फाइनल में शानदार जीत दर्ज करने से पहले भारतीय महिला टीम की खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल और प्रतियोगिता के अन्य मैचों में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था और फाइनल में जीत की भूमिका उसी से बनी थी। निश्चित रूप से यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि देश की महिला क्रिकेट की टीम ने विश्व कप पर पहली बार कब्जा जमाया है। इससे पहले 2005 और 2017 में भारतीय महिलाओं की टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन तब खिताब से वे दूर रह गई थीं। इस बार विश्व कप की विजेता बन कर उन्होंने साबित कर दिया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दुनिया में भारत की महिला खिलाड़ियों की टीम भी एक समांतर शक्ति है।

## महामहिम हरिभाऊ बागड़े का बयानः "कई सालों तक नागरिकता नहीं ली, फिर भी वोटर लिस्ट में नाम"



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने रविवार को गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय और वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ हिन्दू एकेडमीशियंस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में नागरिकता, राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक चेतना पर तीखे विचार रखे। अपने संबोधन में उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी का उल्लेख करते हुए कहा - "मैंने पेपर में पढ़ा है, माननीय सोनिया जी गांधी ने कई सालों तक नागरिकता नहीं ली, लेकिन वोटर लिस्ट में नाम डाल दिया। ये भी आपने पढ़ा होगा।" बागड़े ने कहा कि किसी भी देश के नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रति निष्ठा और कर्तव्य का भाव रखना चाहिए। "एक देश का खाना और दूसरे देश का गाना, ऐसा व्यक्ति सच्चा नागरिक नहीं कहलाता," उन्होंने कहा।

उन्होंने यह भी कहा कि क्रिकेट में पाकिस्तान की जीत पर पटाखे फोड़ना "राष्ट्र की संकल्पना के विपरीत" है। नागरिकता को केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए उन्होंने युवाओं से देश की संस्कृति और मूल्यों के प्रति समर्पण का आह्वान किया।

राज्यपाल ने अपने वक्तव्य में इजराइल का उदाहरण देते हुए कहा कि "इजराइल की दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास ने उसे विश्व में मजबूत राष्ट्र बनाया।" उन्होंने कहा कि भारत का गौरवशाली इतिहास और संस्कृति इतनी मजबूत है कि कोई उसे मिटा नहीं सकता।

धर्म पर बोलते हुए बागड़े ने कहा, "धर्म केवल कर्मकांड नहीं, यह हर नागरिक का कर्तव्य है। हमारे धर्म पर कोई आंख उठाकर देखेगा तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।" उन्होंने धर्मांतरण बिल को एक "अच्छा कानून" बताया और कहा कि भविष्य का भारत कर्तव्य, मूल्य और संस्कृति पर आधारित होगा।

## आकाशवाणी संगीत सम्मेलन में शास्त्रीय और ग़ज़ल का संगम 8 नवंबर को उदयपुर में

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। प्रसार भारती और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 67वां आकाशवाणी संगीत सम्मेलन आगामी 8 नवंबर (शनिवार) को शाम 7 बजे से उदयपुर के राजस्थान कृषि महाविद्यालय के नूतन सभागार में आयोजित किया जाएगा। आकाशवाणी के क्षेत्रीय उप महानिदेशक राजेंद्र नाहर ने बताया कि इस वर्ष के संगीत सम्मेलन में 'बंदिश बैंडिट्स' वेब सीरीज के प्रसिद्ध 'गरज गरज' फेम मोहम्मद अमान शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगे, जबकि डॉ. विजेंद्र गौतम गीत और ग़ज़ल की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को रसास्वादन कराएंगे। नाहर ने बताया कि आकाशवाणी संगीत सम्मेलन भारत के 24 शहरों में 2 से 29 नवंबर के बीच आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें उदयपुर भी एक चुनिंदा केंद्र के रूप में शामिल है। इस श्रृंखला में हिंदुस्तानी, कर्नाटक, सुगम संगीत और लोक संगीत के प्रतिष्ठित कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सम्मेलन के लिए आमंत्रण पत्र किसी भी कार्य दिवस पर आकाशवाणी उदयपुर (मोहता पार्क स्थित कार्यालय) से दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। इस संपूर्ण आयोजन की रिकॉर्डिंग आकाशवाणी और दूरदर्शन के साथ-साथ प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' एवं अन्य डिजिटल माध्यमों पर 26 दिसंबर 2025 से 23 जनवरी 2026 तक प्रत्येक रात 10 से 11 बजे के बीच प्रसारित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि आकाशवाणी संगीत सम्मेलन की शुरुआत वर्ष 1954 में हुई थी। यह मंच जहां देश की स्थापित संगीत प्रतिभाओं को प्रस्तुति का अवसर देता है, वहीं अनेक नवोदित कलाकारों को प्रसिद्धि दिलाने का माध्यम भी बन चुका है।

## आबकारी विभाग का विशेष अभियान, अवैध मदिरा जब्त, वॉश नष्ट

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 नवम्बर। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही कर अभियोग दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत के सुपरविजन में



जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए बांसवाड़ा में आबकारी निरोधक दल द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र अम्बापुरी, कसारवाड़ी में दबिश की कार्रवाई करते हुए 2 हजार लीटर वॉश नष्ट किया साथ ही 32 बीयर की बोतल फोर सेल इन एमपी एवं 29 बोतल हथकड़ शराब जब्त की। मौके पर नियमानुसार 3 अभियोग दर्ज किए। राजसमन्द जिले के देवगढ क्षेत्र में कामलीघाट थाना क्षेत्र में आबकारी निरोधक दल की कार्रवाई में अवैध मदिरा बरामद करते हुए 3 अभियोग दर्ज किए।

## बड़ी में सड़क किनारे रिसोर्ट का कचरा देख आग बबूला हुए ग्रामीण, मिलीभगत का खेल, प्रकृति से खिलवाड़



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के आस पास पहाड़ों की वादियों में अफसरों और नेताओं की पार्टनरशिप में बने अवैध रिसोर्ट अब लोगों के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। इन रिसोर्टों में ड्रेनेज और कचरा प्रबंधन नहीं होने से यह उदयपुर के पर्यावरण के लिए नसूर बनते जा रहे हैं। रात के अंधेरे में आंख बचाकर रिसोर्ट मालिक तालाबों या रास्तों के किनारों पर कचरा डाल रहे हैं। यह कचरा आस पास के ग्रामीणों व राहगीरों के लिए बड़ी मुसीबत व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण बन रहा है। अब इस कचरे के ढेर को ही देख लीजिए। ग्रामीण कह रहे हैं कि कल रात को किसी ने सड़क किनारे कचरे का ये ढेर लगा दिया। देखने में यह किसी रिसोर्ट में हुए विवाह समारोह का कचरा लग रहा है। इस कचरे के ढेर में रावत और बर्डिया फैमेलि लिखी हुई तख्ती भी देखी जा सकती है। बड़ी तालाब में बरड़ा गांव में बाहुबलि हिल के पास रिसोर्ट का यह कचरा देख कर लोग आग बबूला हो गए व वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल किया। लोगों का कहना है कि रिसोर्ट उदयपुर के प्राकृतिक संसाधनों का बहुत तेजी से दोहन कर रहे हैं और बदले में शहर के सबसे साफ और निर्मल बड़ी तालाब को प्रदूषण की सौगात दे रहे हैं। कचरा प्रबध्ांन व्यवस्था नहीं होने और जिला प्रशासन की ढिलाई, नेताओं व अफसरों की मिलीभगत से यह सब खुले आम हो रहा है। अगर प्रशासन चाहे तो आज ही इस कचरे के ढेर में दिख रही वस्तुओं से यह पहचान कर सकती है कि किसी रिसोर्ट से यह कचरा यहां पर फेंकने का गंभीर अपराध किया गया। ऐसा करने वालों और करवाने वालों दोनों को जेल की हवा खिलाई जाए ताकि कभी कोई ऐसी जुर्रत नहीं कर सके। साथ ही रोज-रोज होने वाले इस तरह के कृत्यों पर जिला प्रशासन टास्क फोर्स बनाकर तुरंत रोक लगवाए। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो प्रकृति का अनमोल खजाना, अरावली की सुरम्या वादियां एक दिन कचरे का ढेर बनकर रह जाएगी।

## ऑपरेशन संस्कार के तहत 12 जनों के खिलाफ कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। पुलिस ने ऑपरेशन संस्कार के तहत कार्रवाई करते हुए 12 व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही कर पाबंद किए। थाना प्रभारी मदनलाल खटीक ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन संस्कार के तहत गठित टीम — एएसआई शंकरलाल, हरिसिंह, हैड कांस्टेबल प्रकाशचन्द्र, कांस्टेबल दिलवरसिंह, चन्द्रपालसिंह, भीमराज, धनश्याम सिंह (आम सूचना अधिकारी) और कांस्टेबल विपीन जाब्ता — ने आम शांति भंग करने वाले 12 जनों: काला (37) पुत्र मनोहर भाईमल मकवाणा, राजु (32) पुत्र नाहरू भाईमल मकवाणा, गोविन्द (36) पुत्र केषा भाई निवासी कपडवंज खेड़ा (गुजरात), विठ्ठल (38) पुत्र भगा भाई निवासी खडाल थाना कटलाल (गुजरात), सोनू (22) पुत्र रामसिंह राजपूत, राजेश (25) पुत्र रामसिंह राजपूत, भेरू (24) पुत्र रामसिंह राजपूत, अर्जुनसिंह (31) पुत्र रामसिंह निवासी हलवत जिला मोरबी (गुजरात), सुदर्शननाथ (28) पुत्र बनवारीनाथ निवासी लेवाणा चेक थाना पिलीबंगा (हनुमानगढ़), रोहित (22) पुत्र राजेन्द्रनाथ, रिशाल (20) पुत्र राजेन्द्रनाथ, तथा बलविन्द्र (20) पुत्र रामनाथ निवासी रंगमहल थाना सूरतगढ़ — के खिलाफ पाबंद कार्रवाई की।

## जिला स्तरीय संवाद प्रतियोगिता में लोपड़ा (मावली) की हिमानी श्रीमाली रही प्रथम स्थान पर



24 न्यूज अपडेट

मावली। सलुम्बर एवं उदयपुर जिले के सभी ब्लॉकों के बीच जिला स्तरीय प्रबल संवाद प्रतियोगिता का आयोजन फतह स्कूल में किया गया। मावली ब्लॉक के लोपड़ा विद्यालय की छात्रा हिमानी श्रीमाली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मावली ब्लॉक कार्यालय से प्रतियोगिता के लिए प्रभारी के रूप में मीनू चौधरी (डबोक विद्यालय, खेमली ब्लॉक) तथा शांति लाल मीणा (वारणी स्कूल) को मावली ब्लॉक का प्रभारी नियुक्त कर भेजा गया था। प्रबल संवाद प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में 14 प्रमुख कौशलों — स्व-जागरूकता, संप्रेषण, अंतर्वैयक्तिक संबंध, टीमवर्क, समालोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान, रचनात्मक चिंतन, जुझारूपन, नेतृत्व कौशल, नागरिकता कौशल, नैतिक मूल्य, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता और जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशीलता — का विकास करना है। यह एक सीखने केंद्रित कार्यक्रम है, जिसमें प्रतिस्पर्धा के बजाय सहयोग, अनुभवात्मक शिक्षा और समग्र विकास पर जोर दिया गया है। ग्रामीण परिवेश की प्रतिभाशाली छात्रा हिमानी श्रीमाली, पिता अशोक कुमार श्रीमाली, निवासी सवानिया (लोपड़ा), मावली ब्लॉक की कक्षा 12 की छात्रा हैं। जिला स्तरीय संवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने की सूचना मिलते ही परिवारजनों, ग्रामवासियों, विद्यालय परिवार और ब्लॉक में खुशी की लहर दौड़ गई। हिमानी को बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

## उदयपुर में सालवी समाज ने धूमधाम से मनाया अन्नकूट महोत्सव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 नवंबर। सालवी (बुनकर) समाज के आराध्यदेव भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर, सूरजपोल पर सोमवार सायं को अन्नकूट महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के युवा, बुजुर्ग और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। महोत्सव में भगवान श्री सत्यनारायण को छप्पन भोग अर्पित किए गए। सायं से रात्रि तक मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने भगवान के भजनों पर नाच-गान कर आनंद लिया। रात्रि में आयोजित भव्य आरती में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं ने भगवान के सुंदर श्रृंगार और अन्नकूट दर्शन का लाभ लिया। यह आयोजन सालवी समाज जनों के सहयोग से संपन्न हुआ। जानकारी सालवी (बुनकर) समाज, साठखेड़ा, खेरोदा चौकी, उदयपुर के अध्यक्ष नारायण लाल सलाया ने दी।

## रसायन विज्ञान में उत्कृष्ट शोध के लिए पिन्टा चौहान को पीएचडी की उपाधि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय शोध कार्य के लिए पिन्टा चौहान को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। पिन्टा चौहान ने महाराणा भूपाल विश्वविद्यालय, उदयपुर से "नवीन विविध हरित रासायनिक एवं सरल विधियों द्वारा कार्बनिक यौगिकों का संश्लेषण" विषय पर अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह शोध उन्होंने प्रो. रेणु राठौड़ के निर्देशन में संपन्न किया। उनके शोध में पर्यावरण अनुकूल एवं सस्टेनेबल तकनीकों को प्रोत्साहन देते हुए, ऑर्गेनिक यौगिकों के संश्लेषण हेतु नई, किफायती और रसायन-रहित विधियों के विकास पर विशेष बल दिया गया है। पिन्टा चौहान की इस शैक्षणिक उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

# SI पेपरलीक प्रकरणः हाईकोर्ट ने गहलोत के पूर्व PSO राजकुमार यादव सहित 5 की जमानत खारिज, बेटे भरत यादव सहित 9 को मिली राहत



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान में सब इंस्पेक्टर (SI) भर्ती पेपरलीक-2021 मामले में मंगलवार को राजस्थान हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया। अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (PSO) रहे राजकुमार यादव सहित 5 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी, जबकि उनके बेटे भरत यादव सहित 9 आरोपियों को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति चंद्रप्रकाश श्रीमाली की एकलपीठ ने कुल 14 आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर फैसला सुनाया। एसओजी ने राजकुमार यादव को 8 अगस्त को गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने अपने बेटे भरत यादव के लिए भर्ती परीक्षा का पेपर खरीदा था। भरत परीक्षा में पास हो गया था, लेकिन फिजिकल टेस्ट में असफल रहा।

पेपर सॉल्वर और गैंग सदस्यों की जमानत खारिज कोर्ट ने पेपरलीक गैंग से जुड़े विजय कुमार डामोर, प्रवीण कुमार खराड़ी (पेपर सॉल्वर), सत्येन्द्र यादव, ट्रेनी एसआई समेता कुमारी, और पूर्व PSO राजकुमार यादव की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने माना कि इन आरोपियों की भूमिका मामले में गंभीर है।

इन आरोपियों को मिली जमानत वहीं, हाईकोर्ट ने पूर्व RPSC सदस्य बाबूलाल कटारा के रिश्तेदार राहुल कटारा, मीडिएटर रविन्द्र सिंह, असफल अभ्यर्थी नेहा पांड्या, नैतिक पांड्या, ऋद्धि पांड्या, भरत यादव, और डमी कैंडिडेट्स अशोक सिंह व राधिका सिंह को राहत देते हुए जमानत प्रदान की। यह फैसला राजस्थान के चर्चित SI भर्ती पेपरलीक घोटाले में एक बड़ा न्यायिक घटनाक्रम माना जा रहा है। एसओजी इस प्रकरण में अब तक दर्जनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# 1000 सीसीटीवी देखे, 10 दिन बाद यूपी से दस्तयाब की तीन लापता नाबालिग लड़कियाँ



24 न्यूज अपडेट

जयपुर । महानिदेशक पुलिस के निर्देशों पर संगठित अपराधियों, माफियाओं और वांछित हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष धरपकड़ अभियान के तहत करौली पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस महानिरीक्षक, भरतपुर रेंज कैलाश चन्द्र विश्नोई और जिला पुलिस अधीक्षक करौली लोकेश सोनवाल के निर्देशन में चलाए गए ऑपरेशन खुशी के तहत पुलिस ने गुमशुदा तीन नाबालिग लड़कियों को उत्तर प्रदेश के हाथरस और अलीगढ़ जिलों से सफलतापूर्वक दस्तयाब किया है।

एसपी लोकेश सोनवाल ने बताया कि 25 अक्टूबर को मेहन्दीपुर बालाजी थाने में तीन नाबालिग लड़कियों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वृत्ताधिकारी टोडाभीम और थानाधिकारी को तुरंत सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्रपाल के सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम, थाना टोडाभीम और मेहन्दीपुर बालाजी चौकी की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। 1000 कैमरों की जाँच और तकनीकी साक्ष्य नाबालिगों की तलाश के लिए गठित टीम ने अविश्वसनीय मेहनत करते हुए वैज्ञानिक और तकनीकी साधनों का सहारा लिया। प्रभारी चौकी मेहन्दीपुर बालाजी उप निरीक्षक कालीचरण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने करीब एक हज़ार सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सीसीटीवी फुटेज से यह स्पष्ट हुआ कि लड़कियाँ अपनी मर्जी से एक टैम्पू में बैठकर गई थीं। इसके बाद, मथुरा, भरतपुर, दौसा, महुआ और जयपुर रूट के बस स्टैंडों और रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरों को भी गहनता से चेक किया गया।

सीसीटीवी साक्ष्यों और आसूचना संकलन के आधार पर पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश में अपना ध्यान केंद्रित किया। कड़ी मशक्कत के बाद आसूचना मिली कि दो नाबालिग लड़कियाँ हाथरस जंक्शन पर घूम रही हैं, जिन्हें बाद में वन स्टॉप सेंटर, हाथरस पहुँचाया गया। वहीं तीसरी नाबालिग लड़की को मोबाइल नंबर की मदद से अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) के पत्थर बाजार से दस्तयाब किया गया। पुलिस टीम ने सोमवार को इन तीनों लड़कियों को सुरक्षित रूप से दस्तयाब कर लिया। स्वेच्छा से गई थीं लड़कियाँ दस्तायबी के बाद तीनों नाबालिग लड़कियों से की गई पूछताछ में पता चला कि वे भरतपुर से ट्रेन में बैठकर अपनी मर्जी से हाथरस और अलीगढ़ पहुँची थीं। लड़कियों ने स्पष्ट किया कि उन्हें कोई भी लेकर नहीं गया था। इस सफल दस्तयाबी के लिए एसपी सोनवाल ने टीम को बधाई दी। इस सफलता में कांस्टेबल महेश और महिला कांस्टेबल खुशबु का योगदान सराहनीय रहा।

# 'वंदे मातरम्' के 150 साल का राजस्थान में मनेगा उत्सवःएसएमएस स्टेडियम में 7 नवंबर को स्कूल-कॉलेज स्टूडेंट्स-पुलिस जवान एक स्वर में गाएंगे राष्ट्रगीत



24 न्यूज अपडेट

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राजस्थान में 7 नवंबर से विशेष आयोजन शुरू होंगे। इसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम 7 नवंबर को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आयोजित होगा। इस अवसर पर वंदे मातरम् गायन, 50 हजार तिरंगा झंडों का वितरण, स्कूल, पुलिस एवं आर्मी की बैंड प्रस्तुतियां तथा महापुरुषों की प्रदर्शनी जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

वहीं इसी दिन अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर, कोटा, जोधपुर, सीकर, भीलवाड़ा और अलवर में भी जिला स्तरीय आयोजन होंगे। इसके बाद 8 और 9 नवंबर को शेष 31 जिलों में प्रभारी मंत्रियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 7 नवंबर से 26 नवंबर (संविधान दिवस) तक सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों में 'वंदे मातरम्' का सामूहिक वाचन किया जाएगा।

आयोजन में स्थानीय कलाकारों की हो भागीदारी

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार इस आयोजन में स्थानीय कलाकारों की भागीदारी हो। साथ ही जनता की सहभागिता पर ध्यान दिया जाए। कार्यक्रमों का सोशल मीडिया से प्रचार किया जाएगा। कार्यक्रम स्थलों पर सेल्फी बूथ लगाए जाएंगे।

पंत ने निर्देश दिए- 'वंदे मातरम्@150' कार्यक्रम को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत उत्सव के रूप में मनाया जाए। उन्होंने कहा- यह आयोजन न केवल स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का अवसर है, बल्कि नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना जगाने का भी माध्यम बनेगा।

# दौसा जेल में दिखा शांति, प्रेम और सेवा का संदेश, गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर बनी अद्भुत सैंड आर्ट



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 4 नवंबर। विशिष्ट केंद्रीय कारागार श्यालावास में बंदियों ने गुरु नानक देव जी की जयंती की पूर्व संध्या पर एक अत्यंत प्रेरणादायक और रचनात्मक पहल की। बंदी कलाकारों ने कारागृह परिसर की शुद्ध मिट्टी का उपयोग कर एक सुंदर और कलात्मक सैंड आर्ट तैयार की, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

इस कलाकृति के मुख्य कलाकार बंदी राजेश थे, जिन्हें बंदी संदीप गुप्ता का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। गुरु नानक देव जी की शाश्वत शिक्षाओं से प्रेरित होकर इस सैंड आर्ट में शांति, प्रेम और सेवा के संदेश को प्रमुखता से अभिव्यक्त किया गया है।

कलाकृति में विशेष रूप से गुरु नानक देव जी के मूल उपदेशों "नाम जपो, कीरत करो, वंड छको" को संतुलन, श्रद्धा और सौंदर्य के साथ दर्शाया गया है।

कारागार अधीक्षक पारस जांगिड़ ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक आयोजन बंदियों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि ये गतिविधियाँ न केवल बंदियों की सृजनशीलता को बढ़ावा देती हैं बल्कि उनमें आत्म-चिंतन और सुधार की भावना को भी मजबूती से प्रोत्साहित करती हैं। यह पहल दिखाती है कि जेल एक सुधारगृह के रूप में बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

इस पूरे सृजन कार्य को जेलर विकास बागोरिया एवं डिप्टी जेलर दिलावर ख़ान की सक्रिय देखरेख में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इन अधिकारियों की उपस्थिति ने बंदियों के मनोबल को बढ़ाने का काम किया। गौरतलब है कि गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर जेल उद्योगशाला में अवकाश रखा जाता है, ताकि सभी इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मना सकें।

# मृतक जज बी.डी. सारस्वत की बर्खास्तगी रद्द, परिवार को मिलेगी पूरी सैलरी और पेंशन लाभ - राजस्थान हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर, 4 नवम्बर। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय देते हुए मृतक डिस्ट्रिक्ट जज बी.डी. सारस्वत की बर्खास्तगी को अवैध ठहराया है। कोर्ट ने फुल कोर्ट की सिफारिश और राज्यपाल के आदेश दोनों को निरस्त करते हुए निर्देश दिया कि सारस्वत के रिटायरमेंट की तारीख तक का पूरा वेतन और पेंशन लाभ उनके परिवार को दिया जाए। जस्टिस मुन्नूरी लक्ष्मण और जस्टिस बिपिन गुप्ता की डिवीजन बेंच ने यह फैसला 3 नवम्बर 2025 को सुनाया। अदालत ने कहा कि सारस्वत के खिलाफ की गई विभागीय जांच "गलत और असंगत साक्ष्यों" पर आधारित थी। यह फैसला उस 15 वर्ष पुराने मामले में आया है, जिसकी सुनवाई पूरी होने के बाद 8 अगस्त को निर्णय सुरक्षित रखा गया था। मामले की पृष्ठभूमिः बी.डी. सारस्वत वर्ष 2004-05 में प्रतापगढ़ में एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश थे। एक आरोपी की तीसरी जमानत याचिका स्वीकार करने पर उन पर "अवैध उद्देश्यों से दी गई जमानत" का आरोप लगाया गया था। शिकायत के आधार पर जांच अधिकारी जस्टिस एन.पी. गुप्ता ने 2009 में अपनी रिपोर्ट में उन्हें दोषी बताया था, जिसके बाद 2 फरवरी 2010 को फुल कोर्ट ने बर्खास्तगी की सिफारिश और 8 अप्रैल 2010 को राज्यपाल ने आदेश जारी किया। सारस्वत की 2012 में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उनकी पत्नी, पुत्र अमित सारस्वत और पुत्री मधु सारस्वत ने न्याय के लिए यह केस लड़ा। हाईकोर्ट का विश्लेषणः कोर्ट ने पाया कि जिस आरोपी को जमानत दी गई थी, वह सीआरपीसी की धारा 167(2) के तहत "वैधानिक/डिफॉल्ट जमानत" का हकदार था, क्योंकि 90 दिन से अधिक समय बीतने पर भी चार्जशीट दाखिल नहीं हुई थी। इस स्थिति में जज के पास जमानत देने के अलावा कोई वैधानिक विकल्प नहीं था। बेंच ने यह भी कहा कि जांच अधिकारी ने "रमेश और अयूब" जैसे असंबंधित मामलों के जमानत आदेशों को भी सबूत के रूप में लिया, जो न्यायिक अनुशासन के सिद्धांतों के विपरीत था। कोर्ट ने 2009 की जांच रिपोर्ट, 2010 के फुल कोर्ट प्रस्ताव और राज्यपाल के आदेश — तीनों को निरस्त कर दिया। साथ ही यह निर्देश दिया कि 8 अप्रैल 2010 से 28 फरवरी 2011 तक का पूरा वेतन व सेवा लाभ परिवार को दिया जाए। सारस्वत को "काल्पनिक रूप से बहाल" माना जाएगा और उनके परिवार को पेंशन सहित सभी सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान किए जाएंगे।

# विधानसभा उपचुनाव से पहले बारां पुलिस का शस्त्र प्रहार और नशा-विनाश ऑपरेशन



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 4 नवंबर। बारां जिले के अन्ता में आगामी विधानसभा उपचुनाव के मद्देनज़र शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान नशा-विनाश और शस्त्र प्रहार के तहत थाना छबड़ा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 193 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम, एक पिस्टल मय एक ज़िन्दा कारतूस और 1 लाख 500 नकद राशि जब्त की है।

एसपी अंदासु ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी के सुपरविजन और सीओ छबड़ा विकास कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम को यह सफलता मिली। थानाधिकारी राजेश कुमार खटाना मय जाब्ता जब कस्बा छबड़ा में गश्त कर रहे थे तभी रीछड़ा गाँव से पहले एक मोटरसाइकिल चालक पुलिस जीप को देखकर संदिग्ध रूप से अचानक रास्ता बदलकर भागने लगा।

पीछा कर पकड़े गए इस व्यक्ति ने अपना नाम मुकेश जाट पुत्र कोजाराम (27) निवासी मेहरामनगर, जोधपुर ग्रामीण हाल बापचा बताया। तलाशी के दौरान उसके पाजामा की जेब से 9.93 ग्राम अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी मुकेश से पूछताछ ने अफीम ढाबा संचालक रामस्वरूप मीणा निवासी बावड़ीखेड़ा से खरीदना बताया।

तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम जब रामस्वरूप मीणा के ठिकाने पर पहुँची तो वहाँ से एक अन्य व्यक्ति सुरेश पुत्र त्रिलोकचंद निवासी कोहनी कवाई खिड़की से भागने लगा, जिसे जाब्ते ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। सुरेश के पास मौजूद थैले की तलाशी लेने पर उसमें 183 ग्राम अफीम, एक पिस्टल, एक ज़िन्दा कारतूस और 1,00,500 नकद राशि बरामद हुई।

अभियान में अब तक की उपलब्धियाँ

शस्त्र प्रहारः अब तक 05 देशी कट्टे, 03 पिस्टल और 05 ज़िन्दा कारतूस जब्त किए जा चुके हैं।

नशा-विनाशः अभियान के तहत अब तक 97 किग्रा डोडा-चूरा, 24.433 किग्रा गांजा, 30 ग्राम स्मैक, 47 ग्राम टांका, 1875 ऐविल इंजेक्शन और वर्तमान में 193 ग्राम अफीम जब्त की गई है।

दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना छबड़ा पर एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट की धाराओं में अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस टीम में थानाधिकारी राजेश कुमार खटाना सहित हेड कांस्टेबल बच्चूसिंह, धर्मेन्द्र, संतोष कुमार, कांस्टेबल लक्की गालव, रणबीर सिंह और शिवराज शामिल रहे।

# उत्तर पश्चिम रेलवे ने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 का शुभारंभ किया, पेंशनभोगियों को मिलेगी घर बैठे सुविधा, नवंबर माहभर चलाया जाएगा अभियान





24 न्यूज अपडेट

जयपुर/उदयपुर, 4 नवम्बर। उत्तर पश्चिम रेलवे ने अपने पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (DLC) अभियान 4.0 का शुभारंभ किया है। महाप्रबंधक श्री अमिताभ के दिशा-निर्देशन में यह अभियान मंगलवार को रेलवे मुख्यालय में प्रारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य पेंशनभोगियों को डिजिटल माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सरल और सुलभ सुविधा प्रदान करना है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार यह अभियान 1 से 30 नवम्बर 2025 तक चलाया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर रेलवे मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख वित्त सलाहकार सुश्री गीतिका पाण्डेय, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सिंह, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी श्री रूपेश सिंघवी, उप मुख्य लेखा अधिकारी (सामान्य) सुश्री स्वाती चूलेट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक श्री प्रणव कुमार मिश्रा सहित बैंकिंग अधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 90 पेंशनभोगियों ने मौके पर ही अपने लाइव डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जारी किए। यह अभियान उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों में एक साथ संचालित किया जा रहा है।

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र प्रणाली के माध्यम से पेंशनभोगियों को अब पेंशन कार्यालय में उपस्थित हुए बिना ही अपने जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करने की सुविधा मिलेगी। यह न केवल प्रक्रिया को त्वरित बनाता है, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों को घर बैठे परेशानी मुक्त अनुभव भी प्रदान करता है।

DLC अभियान 4.0 की प्रमुख विशेषताएंः

कार्यालयों, स्टेशनों और स्वास्थ्य इकाइयों में DLC शिविरों का आयोजन, पेंशनभोगियों के लिए प्रशिक्षण सत्र और ऑनलाइन सहायता, असमर्थ पेंशनभोगियों के लिए घर पर सेवा सुविधा, तकनीकी सहायता हेतु हेल्पडेस्क और शिकायत समाधान टीम।

प्रमुख वित्त सलाहकार सुश्री गीतिका पाण्डेय ने कहा कि "उत्तर पश्चिम रेलवे अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवा के प्रति प्रतिबद्ध है। यह अभियान सेवा वितरण में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का उत्कृष्ट उदाहरण है।" उत्तर पश्चिम रेलवे ने सभी पेंशनभोगियों से अपील की है कि वे 30 नवम्बर 2025 तक इस अभियान में भाग लेकर अपना जीवन प्रमाण पत्र डिजिटल रूप से जमा करें, ताकि पेंशन का निर्बाध वितरण सुनिश्चित हो सके। अधिक जानकारी के लिए पेंशनभोगी उत्तर पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या निकटतम रेलवे कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# नगर के निवासी दो जनों ने वैराग्य की राह पर चलते हुए दिगम्बर जैनेश्वरी मुनि दीक्षा प्राप्त की



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। राजस्थान की राजधानी जयपुर के सांगानेर रोड स्थित चित्रकूट नगर में विराजित दिव्य तपस्वी आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज संघ के सान्निध्य में सोमवार 3 नवम्बर को विशाल स्तर पर आयोजित भव्य जैनेश्वरी दीक्षा समारोह में वागड़ सहित आस-पास के क्षेत्र से हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज द्वारा सात मोक्षमार्ग के पथिक साधकों — नगर के बाल ब्रह्मचारी उमंग भैया और ब्रह्मचारी पंकज भैया — को जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की गई। उमंग भैया बने मुनि श्रुतांश सागर तथा पंकज भैया बने मुनि सुधैर्य सागर महाराज।

वागड़ की धर्मनगरी सागवाड़ा जैन समाज के गौरव बाल ब्रह्मचारी उमंग भैया (आयु 23 वर्ष) तथा ब्रह्मचारी पंकज भैया शाह (आयु 65 वर्ष) को चित्रकूट नगर के कंवर का बाग स्थित विशाल पांडाल में आयोजित समारोह में दिगम्बर मुनि दीक्षा प्रदान की गई। समाज के प्रतिष्ठाचार्य विनोद उर्फ विरल पगारिया ने बताया कि दीक्षा समारोह के तहत सोमवार 3 नवम्बर को प्रातः दोनों दीक्षार्थियों समेत कुल सात दीक्षार्थियों को बैंड-बाजों के साथ बिन्दौली के रूप में कार्यक्रम स्थल कंवर का बाग लाया गया, जहां मंगलाष्टक चौक पूराई के साथ सभी दीक्षार्थियों के केश-लोचन की विधि हुई। इसके बाद सभी ने क्षमा-याचना कर आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज से हाथ जोड़कर दीक्षा ग्रहण हेतु निवेदन किया। तत्पश्चात वस्त्र-त्याग विधि के बाद आचार्य द्वारा सभी दीक्षार्थियों के मस्तक पर केसर से स्वस्तिक अंकन कर जैनागम में वर्णित विधि-विधान के अनुसार दीक्षा संस्कार किए गए। दीक्षा संस्कारोपरांत आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज द्वारा सागवाड़ा निवासी 23 वर्षीय बाल ब्रह्मचारी उमंग भैया को दिगम्बर मुनि दीक्षा प्रदान कर "मुनि श्रुतांश सागर" तथा ब्रह्मचारी पंकज भैया को "मुनि सुधैर्य सागर" नाम प्रदान किया गया। उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने जय-जयकार ध्वनि के साथ अनुमोदना की। नामकरण के बाद संयम के उपकरण — नवीन पिच्छिका व कमंडल — श्रद्धालुओं द्वारा प्रदान किए गए। समारोह में सागवाड़ा सहित वागड़-मेवार क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्यार्जन किया।

**दीक्षार्थी परिचयः** ब्रह्मचारी उमंग भैयाः पिता देवीलाल पालविया, माता सीमा पालविया, जन्म सन् 2001, निवास पुजारवाड़ा मोहल्ला। शिक्षा – बी.कॉम। माता-पिता का एक पुत्र, दो बहनें। 2019 में प्रथम बार केश-लोचन किया। ब्रह्मचारी पंकज भैयाः पिता गुलाबचन्द शाह, माता आनन्दी देवी शाह, जन्म 5 जनवरी 1961, निवास कंसारा चौक सागवाड़ा। शिक्षा – एम.ए., बी.एड., सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक। ब्रह्मचर्य व्रत 2021 क्षमावाणी पर्व पर। इनकी धर्मपत्नी ने आचार्य सुन्दर सागर जी से दीक्षा लेकर समाधि ली थी।

# वागड़ महोत्सव पर वागड़वासियों में दिखा अपार उत्साह - प्रतिभागियों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। पर्यटन विभाग राजस्थान, जिला प्रशासन और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वागड़ महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को महिपाल विद्यालय खेल मैदान सहित अन्य स्थानों पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रभारी अधिकारी तहसीलदार रमेशचंद्र बढेरा, जिला खेल अधिकारी नरेश डामोर, स्पोर्ट्स फेडरेशन के जिला अध्यक्ष हेमेंद्र माली, वेलचंद पाटीदार, राजेश जैन, सीडीपीओ पारी परमार तथा जिले से नियुक्त प्रभारी वीरेंद्र सिंह राव के आतिथ्य में हुआ। रस्साकशी प्रभारी हरिश्चंद्र पाटीदार ने बताया कि महिला वर्ग में लता यादव की टीम विजेता व भगवती रावल की टीम उपविजेता रही। पुरुष वर्ग में हिमांशु की टीम प्रथम तथा मानस की टीम उपविजेता रही।

सतोलिया प्रभारी भरत मनात के अनुसार मुकेश ननोमा एवं ज्योति बुझ की टीम विजेता रही।

कुर्सी दौड़ प्रभारी मोहनलाल पाटीदार ने बताया कि कुर्सी दौड़ में वीणा लवौत प्रथम, संतोष नाई (खडगदा) द्वितीय और करिश्मा डामोर तृतीय स्थान पर रहीं। मटका दौड़ प्रभारी सुधीर पाटीदार ने बताया कि मटका दौड़ में भावना मेहता (घोटाद) प्रथम, दुर्गा लवौत द्वितीय तथा रीना पाटीदार (जेठाना) तृतीय रहीं।

इसी प्रकार नींबू-चम्मच दौड़ में जसोदा डिंडोर (खडलई) प्रथम, दुर्गा खराड़ी द्वितीय व संध्या डोडा (घोटाद) तृतीय रहीं।

प्रभारी हिमानी चौहान ने बताया कि बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा वागड़ महोत्सव थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में पूनम पंड्या, वागेश्वरी पाटीदार प्रथम, प्रियंका डबगर, तनीषा डेण्डोर द्वितीय तथा जानकी डामोर, निर्जला डामोर की टीम तृतीय रही।

आकर्षक मेहंदी प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा प्रभारी हीना पंचाल ने करते हुए बताया कि रांची पंचाल प्रथम, हीना कटारा द्वितीय तथा महक पंचाल, अलवीरा लखारा तृतीय स्थान पर रहीं। संचालन कन्हैयालाल व्यास व रोशन व्यास (नगर परिषद) ने किया। इस अवसर पर नानूराम डेण्डोर, अरविंद डामोर, सोमेश्वर भगोरा, गेबीलाल तबीयाड, पिंकी भावसार, तृप्ति पाठक, अर्चना जैन आदि उपस्थित थे।

# जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, देहात जिले की विभिन्न विधानसभाओं के विकास कार्यों पर रखी मांगे

## मुख्यमंत्री बोले - जनजाति हितों और विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी उदयपुर देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उदयपुर देहात जिले की विभिन्न विधानसभाओं में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी साझा करते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें और सुझाव प्रस्तुत किए। जिलाध्यक्ष तेली ने मुख्यमंत्री को देहात जिले की सभी विधानसभाओं में संचालित विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास हेतु आमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनहित में प्रारंभ की गई योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जिला इकाई पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिलाध्यक्ष की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि "राज्य सरकार जनजाति क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास और जनजाति समाज के उत्थान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनजाति बाहुल्य विधानसभाओं में विकास कार्यों और जनहित के प्रयासों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।" इस अवसर पर राजस्थान सरकार के जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, जिला महामंत्री कन्हैयालाल मीणा एवं ललित सिंह सिसोदिया भी उपस्थित रहे।

# उदयपुर में श्रीमद् भागवत संस्कार कथा अमृत महोत्सव का शुभारंभ, भव्य कलश यात्रा में 200 महिलाओं ने लिया भाग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 नवंबर। हिरणमगरी सेक्टर-4 स्थित वैद्य भगीरथ जोशी सभागार, विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को श्रीमद् भागवत (संस्कार) कथा अमृत महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत त्रिकालेश्वर महादेव मंदिर (होटल प्राइड) से निकली पोथी कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें 200 से अधिक महिलाओं ने मंगल कलश धारण कर भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु पुरुषों ने भजन-कीर्तन के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यह आयोजन स्व. हरिप्रिया पालीवाल एवं स्व. भगवान शंकर पालीवाल की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। आयोजक यशवंत पालीवाल ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। कथावाचन पुष्कर दास महाराज कर रहे हैं, जबकि आचार्य संदीप शर्मा (उज्जैन) संस्कृत में श्रीमद् भागवत का मूल पाठ प्रस्तुत कर रहे हैं। कथा के दौरान कृष्ण कुमार शर्मा और उनकी टीम द्वारा विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जा रही हैं, जो कथा के भावों को जीवंत कर रही हैं। कथा संयोजक रमेश पुरोहित, सह संयोजक आर.सी. पुरोहित, देवेन्द्र पालीवाल, नरेंद्र पालीवाल, डॉ. प्रदीप कुमावत और कमलेन्द्र सिंह पंवार ने बताया कि यह आयोजन भक्ति, संस्कार और अध्यात्म का संगम है, जो सात दिनों तक चलेगा और श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभव प्रदान करेगा।

# प्रकाश पर्व पर वैकुण्ठ धाम में अखंड पाठ साहिब और गुरुबाणी का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 नवम्बर। श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर उदयपुर के शक्तिनगर स्थित वैकुण्ठ धाम में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन चल रहा है। इस अवसर पर गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ, जपजी साहिब एवं गुरुबाणी के विभिन्न पवित्र पाठों का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ 3 नवम्बर को हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्मिलित हुए। वैकुण्ठ धाम के गुरुजी शैलेश ब्रिजवानी ने बताया कि 4 नवम्बर (मंगलवार) को उत्सव के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की विशेष उपस्थिति रही। इस दिन सुबह 7:00 बजे आसादीवार पाठ, 7:30 बजे कथा कार्तिक, तथा शाम को 5:00 से 6:30 बजे तक महिलाओं का सत्संग आयोजित किया गया। इसके बाद 7:00 बजे शाम की आरती संपन्न हुई। 5 नवम्बर (बुधवार, पूर्णिमा) को आयोजन के तीसरे दिन कार्यक्रम का समापन होगा। इस दिन सुबह 7:00 बजे आसादीवार पाठ, 7:45 बजे कथा कार्तिक तथा 11:00 बजे पूर्ण आहुति के साथ आरती और अरदास होगी। इसके उपरांत लंगर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। गुरुजी ब्रिजवानी ने बताया कि इस महोत्सव में श्रद्धालुओं ने गहरी आस्था और उत्साह के साथ भाग लिया। गुरुबाणी के उपदेशों से वातावरण भक्तिमय हो उठा तथा श्रद्धालुओं ने मन की शांति और आत्मिक आनंद की अनुभूति की।

# प्रोफेसर एम. के. जैन ने संभाला कंप्यूटर सेंटर, विज्ञान भवन का निदेशक पदभार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के कंप्यूटर सेंटर, विज्ञान भवन के निदेशक पद का कार्यभार आज प्रोफेसर एम. के. जैन ने विधिवत रूप से ग्रहण किया। इस अवसर पर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष श्री नारायण लाल सालवी ने विज्ञान भवन पहुंचकर प्रो. जैन का उपर्णा ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया तथा उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में विज्ञान भवन एवं एसएएफएबी के समस्त कर्मचारी — श्री कुलदीप अरोड़ा, श्री अजय आदिवाल, श्री हितेश सुखवाल, श्री मनीष बंसल, श्रीमती पूनम चावला, श्रीमती दिव्यानी सेन, श्री सोहन सिंह, श्री भेरूलाल, श्री दल्ला भील, श्री नितिन पुर्बिया एवं श्री चेतन खींची उपस्थित रहे। सभी ने प्रोफेसर जैन का स्वागत एवं अभिनंदन कर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# NSUI छात्र नेताओं ने जताई खुशी - एमएलएसयू प्रशासन का आभार व्यक्त एवं परीक्षा नियंत्रक का स्वागत



24न्यूजअपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में आज एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल द्वारा अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा हाल ही में हुई अधिष्ठाता परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश बारबर का स्वागत भी किया। अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रशासन ने पूर्व में की गई 10% फीस वृद्धि पर रोक लगाते हुए यह निर्णय लिया है कि आगामी सत्र में जिन विद्यार्थियों ने बढ़ी हुई फीस जमा कराई है, उन्हें उसका लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा सभी प्रकार की परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। शोधार्थियों को आ रही समस्याओं के संदर्भ में उनके एक्सटेंशन (विस्तार) हेतु भी सकारात्मक निर्णय लिए गए हैं, जिससे सभी शोधार्थियों में खुशी का माहौल है। छात्र शक्ति ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय जिस कठिन दौर से गुजर रहा है, उसे पुनः प्रगति के मार्ग पर ले जाने हेतु यह कदम उठाया गया है, जिसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का हार्दिक धन्यवाद। आभार व्यक्त करने के अवसर पर अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़, प्रदेश महासचिव गोपाल गायरी, छात्र नेता नारायण सिंह, मयंक सिंह राव एवं कई छात्र साथी उपस्थित थे।

# वंडर सीमेंट लिमिटेड में मनाया गया 49वां खान सुरक्षा सप्ताह–2025




24न्यूजअपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख)। वंडर सीमेंट लिमिटेड की भट्टकाटड़ी एवं धनोरा लाइमस्टोन माइंस पर खान सुरक्षा महानिदेशालय, उदयपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 49वां खान सुरक्षा सप्ताह–2025 उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह आयोजन कंपनी के खदान कार्यालय परिसर में खान सुरक्षा निदेशक (उत्तर पश्चिम क्षेत्र) विनोद रजक के मुख्य आतिथ्य तथा वंडर सीमेंट के यूनिट हेड नितिन जैन के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान यूनिट हेड नितिन जैन ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने खनन कार्यों में लागू किए जा रहे डिजिटाइजेशन प्रोजेक्ट की जानकारी साझा करते हुए कर्मचारियों को नवाचारों के साथ जागरूकता एवं सतर्कता से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विनोद रजक ने अपने संबोधन में कहा कि खनन क्षेत्र जोखिमों से भरा होता है, इसलिए सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सुरक्षा उपकरणों का नियमित उपयोग, समय-समय पर प्रशिक्षण और निरंतर सतर्कता ही हमारी सबसे बड़ी सुरक्षा ढाल हैं। इस अवसर पर वंडर सीमेंट लिमिटेड की दोनों खदानों का निरीक्षण निरीक्षण दल के कन्वीनर राजेश रवि तथा सदस्य राजेश अग्रवाल, रणजीत सिंह और प्रकाश डांगी द्वारा किया गया। दल के सदस्यों ने कंपनी द्वारा खान सुरक्षा के प्रति किए जा रहे कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। निरीक्षण दल के प्रमुख ने बताया कि सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य दुर्घटनारहित कार्यस्थल बनाना और सुरक्षित वातावरण में लक्ष्य प्राप्त करना है। कार्यक्रम के प्रारंभ में कंपनी के सहायक उपाध्यक्ष (माइन्स) ओ. पी. राजपुरोहित ने अतिथियों का स्वागत किया और खान सुरक्षा सप्ताह के महत्व से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर सुरक्षा स्लोगन एवं पोस्टर प्रदर्शनी, सुरक्षा जागरूकता गीत तथा सुरक्षा वार्ता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुनील बोहरा ने सुरक्षा शपथ दिलाई, जबकि बनवारीलाल शर्मा ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में कमल नयन पालीवाल ने दोनों खानों में अपनाई जा रही सुरक्षित कार्यप्रणालियों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन गिरीश श्रृंगी द्वारा किया गया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।